# सूरत बड़ी प्यारी है | By Dheeraj Bawra

इस श्याम सलोने की सूरत बड़ी प्यारी है
जिसने देखा तुमको वो जान से वारी है

तेरे नैनो का काजल लागे है बड़ा प्यारा
घुंघराली ज़ुल्फ़ों में उलझा है जग सारा
तेरे नाम की मस्ती में चढ़ती ये खुमारी है
जिसने देखा तुमको वो जान से वारी है
इस श्याम सलोने की सूरत बड़ी प्यारी है

कारी कामर तेरी अद्‌भुत प्यारी प्यारी
जब चाल चले टेढ़ी हारी दुनिया सारी
तेरे पैरो की पायल करती मतवारी है
जिसने देखा तुमको वो जान से वारी है
इस श्याम सलोने की सूरत बड़ी प्यारी है

होंठों पे सजी मुरली मन को हर लेती है
तेरी सांवरी सी चितवन घायल कर देती है
इस बावरे मन को भी तेरी इन्तेज़ारी है
जिसने देखा तुमको वो जान से वारी है
इस श्याम सलोने की सूरत बड़ी प्यारी है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a5%82%e0%a4%b0%e0%a4%a4-%e0%a4%ac%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a5%80-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-dheeraj-bawra/